# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

सन्दर्भ संख्या :................./पी.ए./2019

दिनांक :..............................................

## कार्यालय–आदेश

उत्तर प्रदेश शासन उच्च शिक्षा अनुभाग–1 के पत्र संख्या – 114/सत्तर–1–2019–11(21)/2005, दिनांक 04 फरवरी, 2019 के क्रम में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 शासन की अधिसूचना संख्या –113/सत्तर–1–2019–11(21)/2005, दिनांक 04 फरवरी, 2019 द्वारा निम्नवत् आदेश पारित किया गया है –

"उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम, 1966 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 30, सन् 1966) की धारा–3 की उपधारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके, राज्यपाल इस अधिसूचना के जारी किये जाने के दिनांक से 05 जून, 2019 तक के लिए, उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय (पुनः अधिनियम तथा संशोधन) अधिनियम, 1974 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 29 सन् 1974) द्वारा यथा संशोधित और पुनः अधिनियमित उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (राष्ट्रपति अधिनियम संख्या 10 सन् 1973) के अधीन स्थापित राज्य विश्वविद्यालयों और उनके घटक महाविद्यालयों, सहयुक्त महाविद्यालयों तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों की प्रत्येक सेवाओं में हड़ताल निषिद्ध करते हैं।"

अतः उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना के अनुपालनार्थ विश्वविद्यालय, घटक महाविद्यालयों एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में उक्त अवधि में हड़ताल प्रतिबन्धित रहेगी।

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव

संख्या : R-2584-608 दिनांक : 06/02/19

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को प्रति कुलपति के सूचनार्थ।
3. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
4. परीक्षा नियंत्रक।
5. समस्त संकायाध्यक्ष।
6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण।
7. कुलानुशासक।
8. चीफ प्रावोस्ट।
9. कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग।
10. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक, स्ववित्तपोषित।
11. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद।
12. वित्त अधिकारी।
13. अध्यक्ष/महामंत्री–लखनऊ विश्वविद्यालय, टीचर्स एसोसिएशन (लूटा)।
14. अध्यक्ष/महामंत्री–लखनऊ विश्वविद्यालय एसोसिएटेड कालेज टीचर्स एसोसिएशन (लुआक्टा)।
15. अध्यक्ष/महामंत्री–लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद।
16. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ।
17. प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ।
18. इंचार्ज वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक व सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
19. समस्त उप कुलसचिव।
20. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव।

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव